हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 8 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .6 डिग्री

भाजपा 13 को छावनी में निकालेगी तिरंगा यात्रा 12



800 छात्रों को नशे के खिलाफ दिलवाई गई शपथ 12



## खबर संक्षेप

### डिजिटल अरेस्ट के आरोप में दो पकड़े

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम में डिजिटल अरेस्ट के मामले में बड़ी ठगी करने वाले दो आरोपियों को मध्यप्रदेश के उज्जैन से काबू किया गया। पकड़े गए आरोपियों में निखिल व रवि कुमार शामिल हैं । आरोपियों से गिरफ्तारी के समय 22 हजार 500 रूपये व दो मोबाइल फोन बरामद किए गए है। दोनों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में अब तक कुल 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पालम विहार के राजेंद्र कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने फर्जी पुलिस अरेस्ट वारंट भेजकर उसे पत्नी के साथ डिजिटल अरेस्ट किया था। इस दौरान 2.64 करोड़ की ठगी की थी।

### स्नेचिंग करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी हरप्रीत सिंह उर्फ प्रीति व भाग सिंह को गिरफ्तार किया है। परिवादी सलिंद्र सिंह ने 5 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 मई 2024 को पासपोर्ट ऑफिस आया था। रास्ता भटकने की वजह से वह हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में चला गया। यहां अनजान आरोपियों ने उससे नकद राशि छीन ली थी।

### फैक्ट्री में बॉयलर फटने से तीन श्रमिक झुलसे

**बापौली।** गांव रसलापुर स्थित एल्युमिनियम फैक्ट्री में बुधवार देर शाम बॉयलर फट गया। जिसकी चपेट में आने से 3 श्रमिक बुरी तरह झुलस गए। घायलों को फैक्ट्री मालिक ने निजी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उन्हें आईसीयू वार्ड में भर्ती किया है। डॉक्टरों के अनुसार तीनों घायल 95 फीसदी तक झुलसे हुए हैं। रिसालू गांव निवासी प्रदीप मलिक ने बताया कि 10 साल से उनकी बापौली क्षेत्र में रसलापुर गांव के पास फैक्ट्री है। बुधवार शाम बॉयलर में ब्लास्ट हुआ, जिसमें कर्मचारी झुलसे। मौके पर जाकर देखा तो एमपी निवासी 24 वर्षी सुनील, 25 वर्षीय अमित और 26 वर्षीय छोटूराम झुलसे हुए थे।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**पानीपत।** सडक़ हादसे में घायल उपचाराधीन युवक ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। जिसकी जानकारी अस्पताल से पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर यूपी और हरियाणा पुलिस अस्पताल पहुंची। मृतक के जीजा के बयानों के आधार पर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई कर रही है। मृतक मनीष, सोनीपत के धनाना गांव का रहने वाला था। वह 21 साल का था। उसके जीजा सुशील ने बताया कि मनीष का एक्सीडेंट यूपी के बोगी माजरा गांव के पास हुआ था। हादसे में गंभीर अवस्था में उसे पानीपत के अस्पताल लाया गया था।

## मध्यरात्रि नदी में 20900 क्यूसिक हुआ पानी, दो साल पहले आई थी बाढ़

# टांगरी में खतरनाक लेवल से ऊपर पहुंचा जलस्तर, खुदाई से बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

टांगरी नदी में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर होने के बावजूद इस बाद किसी को नुकसान नहीं हुआ। नदी में बीती मध्यरात्रि तक जलस्तर 20900 क्यूसिक यानि 9.5 फुट तक पहुंच गया था।

गत वर्षों में छावनी में आई बाढ़ के समय इतना पानी आया था जब कई कॉलोनियां नदी के पानी की वजह से जलमग्न हो गई थी। इस बार बरसाती सीजन से पहले नदी तल में खुदाई का कार्य किया गया। इसके कारण नदी का पानी सुरक्षित आगे निकल गया। नदी में अभी खुदाई का कार्य आधा ही हुआ है। बरसाती सीजन शुरू होने के कारण इसे रोक दिया गया था। शेष खुदाई का कार्य बरसाती सीजन के बाद पूरा होगा।

■ कई कॉलोनियों के हजारों लोगों को मिली राहत



**अंबाला।** टांगरी नदी में पानी के स्तर का दृश्य।

सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता (एसई) मनीष कुमार ने बताया कि टांगरी नदी में 6 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे 11000 क्यूसिक पानी चल रहा था। शाम को लगभग 4 बजे नदी में 7.0 फीट पानी यानी 15400 क्यूसिक डिस्चार्ज तक पहुंच गया। इसके बाद मध्यरात्रि पानी का डिस्चार्ज 20900 क्यूसिक तक पहुंच गया था। टांगरी नदी का डेंजर लेवल 7 फुट यानी 15400 क्यूसिक है। उन्होंने बताया विभाग द्वारा पिछले सालों में यह देखा गया है कि नदी में 15400 क्यूसिक पानी आने से आसपास की कॉलोनियां न्यू टैगोर गार्डन, न्यू एकता वहार, प्रभु प्रेम पुरम, गांव रामपुर, सरसेहड़ी, चंदपुरा, करधान में जल-भराव हो जाता था। नदी के नजदीक बने घर पानी में डूब जाते थे। इससे लोगों को बहुत परेशानी के साथ भारी नुकसान झेलना पड़ता था। 2023 में नदी में आए पानी से अंबाला छावनी में करोड़ों का नुकसान हुआ था। अधीक्षक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि नदी के पानी से नुकसान को रोकने के लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने टांगरी नदी को गांव रामगढ़ माजरा से गांव भुन्नी तक गहरा और चौड़े करने और गांव सरसेहड़ी और चांदपुरा में बांध बनाने के निर्देश दिए थे। सरसेहड़ी और चांदपुरा में बांध बनाकर सुरक्षा दी गई थी जिसके कारण चंदपुरा और सरसेहड़ी इस बार नदी में आए ज्यादा पानी से बच गया। अधीक्षक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि टांगरी नदी में इस बाद हुई खुदाई के कारण अंबाला कैंट के लोगों को काफ़ी राहत मिली है। किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं झेलनी पड़ी।

### नदी को गहरा किया

बरसात से पहले इस बार टांगरी नदी को गांव चंदपुरा, करधान और शाहपुर में गहरा और चौड़ा किया गया है। बचा हुआ कार्य बारिशों के बाद शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया टांगरी नदी की खुदाई के बाद नदी के पानी को ले जाने की क्षमता काफी बढ़ी है। इस बार 20900 क्यूसिक पानी भी नदी से बिना कोई नुकसान करे गुजर गया।

पहले महेशनगर पंप हाउस पर नदी के गेट बंद हो जाते थे मगर इस बार नदी में खुदाई होने से दिक्कत नहीं हुई। पहले महेश नगर पंप हाउस के गेट नदी में 2.5 फुट पानी आने पर ही बंद हो जाते थे लेकिन इस बार खुदाई के कारण यह गेट 4.5 फीट पानी होने पर बंद हो रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को बारिश के पानी से काफी राहत मिली है।

# देश को विश्व गुरु बनाने में बच्चों का रहेगा योगदान : महीपाल ढांडा



**पानीपत।** बच्चों को प्रमाण पत्र वितरीत करते मंत्री महीपाल ढांडा व अन्य ।

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में आज हिन्दूस्तान स्काउट एंड गाइड के गत माह प्रदेश में प्रथम रहे आठ बच्चों के सम्मान में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने की। मंत्री महीपाल ढांडा का स्कूल प्रबंधन समिति, स्टाफ व बच्चों ने स्वागत किया। मंत्री महीपाल ढांडा ने हरियाणा में प्रथम रहे हिन्दूस्तान स्काउट एंड गाइड के आठ बच्चों को सर्टिफिकेट व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया और शुभकामनाएं दी। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि भारत देश ने हमेशा दुनिया को देने का काम किया है और दुनिया से कभी कुछ नहीं लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में भारत देश को 2047 तक विश्व गुरू बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने कहा कि देश को विश्व गुरू बनाने में आज के इन्हीं बच्चों का सबसे बढा योगदान रहेगा। इसलिये सभी बच्चों को अभी से अपने देश को विश्व गुरू बनाने का संकल्प लेना चाहिये। प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि स्कूल के हिन्दूस्तान स्काउट एंड गाइड के आठ बच्चें प्रदेश में प्रथम रहे हैं, जिसमें परिक्षित, वीर, भविष्य, अनुभव ओबामा, पार्थ, भव्य व आदित्य शामिल हैं। मंत्री महीपाल ढांडा ने आज इन बच्चों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया है।

■ शिक्षामंत्री ने किए बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित

# पोल से राष्ट्रीय ध्वज हुआ गायब

■ तरावड़ी के भगत सिंह चौक पर ध्यान नहीं दे रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी

शहर के भगत सिंह चौक पर नगर पालिका ने लाखों रुपए खर्च कर पोल पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया था। लेकिन अब हालात यह हो गए है कि 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता का दिन आने वाला है लेकिन उक्त पोल से राष्ट्रीय ध्वज गायब है।

आसपास के दुकानदारों ने बताया कि कई माह से उक्त पोल पर तिरंगा झंडा नहीं लगाया गया है तथा उन्होंने कई बार इसकी जानकारी नगर पालिका में दी है लेकिन यहां पर झंडा नहीं लगाया गया। गौरतलब है कि इससे पहले भी जब पोल से झंडा गायब हुआ था उसके बाद नगर पालिका हरकत में आई थी तथा उसके बाद पोल पर झंडा लगाया गया था। पोल पर जो राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाता है वह एक माह में ही फट जाता है। इसलिए संबंधित विभाग को चाहिए कि वह इस पोल पर बढिया क्वालिटी तथा मौसम के हिसाब से तिरंगा लगाए ताकि तिरंगा लंबे समय तक चल सके। जब नपा सचिव अजीत कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि हमने नया झंडा मंगवाया हुआ है मौसम खराब होने की वजह हमने नही लगाया तथा एक-दो दिनों में पोल पर झंडा लगा दिया जाएगा।



# दो कॉलोनियों में अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

■ जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा नियंत्रित क्षेत्र छप्पर मनसूरपुर व सरस्वती नगर में पड़ने वाले संपदा मौजा में विकसित की जा रही दो अनाधिकृत कालोनियों में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ढ़हा दिया।

इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने लोगों को अनाधिकृत कालोनियों में अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी का निवेश नहीं करने की सलाह दी है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्ग दर्शन में जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार के नेतृत्व में विभाग की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किए गए सरस्वती नगर के नायब तहसीलदार की मौजूदगी में अनाधिकृत कालोयिों में पहुंचे। इस दौरान टीम ने जेसीबी की मशीन की मदद से करीब पांच एकड़ में विकसित की जा रही दोनों अनाधिकृत कॉलोनियों में किए गए अवैध निर्माण को ढ़हा दिया। मौके पर जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई से पहले चूककर्ताओं को नियंत्रित क्षेत्र 41 आफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई। वहीं, भूमालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनियों में निर्माण कार्य करने की अनुमति नहीं ली गई। जिसके बाद विभाग द्वारा अनाधिकृत कालोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।



# आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज बंद : आईएमए

■ योजनाओं की भुगतान व्यवस्था न होने के विरोध में उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दी जा रही चिकित्सा सेवाओं को लेकर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए), हरियाणा ने बड़ा फैसला लिया है। संघ ने सामूहिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि राज्यभर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी चिकित्सा सेवाएं 7 अगस्त 2025 की मध्यरात्रि 12 बजे से बंद कर दी जाएंगी।

आईएमए की करनाल शाखा ने भी इस निर्णय का पालन करते हुए आयुष्मान भारत योजना के तहत आने वाले मरीजों को अब कोई सेवा न देने का ऐलान किया है। यह कदम सरकारी स्तर पर योजनाओं की भुगतान व्यवस्था, चिकित्सकों के साथ संवाद की कमी, और लगातार अनदेखी के विरोध में उठाया गया है। करनाल के अध्यक्ष डॉ. दीपक प्रकाश और महासचिव डॉ. गौरव भास्कर ने इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को एक औपचारिक पत्र भेजकर सूचित किया है।

पत्र में कहा गया है कि यह निर्णय प्रदेश स्तर पर लिया गया है और अब करनाल जिले के चिकित्सक भी योजना के अंतर्गत किसी प्रकार की ओपीडी, सर्जरी, आपातकालीन या इनडोर सेवाएं नहीं देंगे।

### कुवि ने घोषित किए 35 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2025 में आयोजित एम.ए. योग, चौथा सेमेस्टर, बी.वोक. (खाद्य विज्ञान एवं गुणवत्ता नियंत्रण) छठा सेमेस्टर, बी.एससी. (मल्टीमीडिया) छठा सेमेस्टर नॉन-सीबीसीएस, एम.ए. पत्रकारिता एवं जनसंचार, चौथा सेमेस्टर, एम.टेक. चौथा सेमेस्टर, एम.ए. (रक्षा अध्ययन), बी.वोक. (आतिथ्य प्रबंधन) दूसरा सेमेस्टर, बी.वोक. बीएफएसआई चौथा सेमेस्टर, उर्दू में सर्टिफिकेट कोर्स (पुनः परीक्षा), एमएससी(भौतिकी) चौथा सेमेस्टर, शास्त्री तृतीय वर्ष (पुनः/अतिरिक्त), एम.पी.एड. दूसरा सेमेस्टर, पी.जी. डिप्लोमा अभिलेखागार एवं अभिलेख प्रबंधन दूसरा सेमेस्टर (नया), आदि के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठगे एक लाख

■ वर्क परमिट पर विदेश जा चाहता था गांव खुर्दी निवासी युवक गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

वर्क परमिट पर विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति युवक से एक लाख रुपये लेकर हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

गांव खुर्दी निवासी गौरव ने पुलिस को बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात मुकेश के साथ हुई। मुकेश ने उसे बताया कि वह युवकों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसे वर्क परमिट पर विदेश भेज देगा। जहां पर उसे अच्छा रोजगार मिल जाएगा। इस दौरान आरोपी ने उसे 27 नवंबर 2024 को मिलने के लिए जगाधरी कोर्ट परिसर के पास बुलाया। आरोपी ने उसे विदेश भेजने के नाम पर एक लाख रूपये और जरूरी दस्तावेज ले लिए। मगर इसके बाद आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी मुकेश के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### देसी पिस्तौल सहित आरोपी काबू असला सप्लायर भी चढ़ा हत्थे

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने चौटाला रोड स्थित उझा मोड के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने असला सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि बुधवार को सीआईए टू पुलिस की ने टीम गश्त के दौरान सूचना के आधार पर चौटाला रोड उझा मोड़ के पास एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सुहैल उर्फ राजा पुत्र हनीफ निवासी इमाम साहब मोहल्ला जाटल रोड के रूप में बताई। तलाशी लेने पर उसकी पहनी हुई लोवर की जेब से एक 32 बोर का देसी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने तहसील कैंप में मीट की दुकान की हुई है। उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। उसने अपनी दुकान पर काम करने वाले यूपी मुजफ्फरनगर निवासी कारीगर अमन उर्फ रघु से एक महीना पहले उक्त देसी पिस्तौल व रौंद 13 हजार रूपए में खरीदा था। पुलिस ने आरोपी सुहैल की निशानदेही पर असला सप्लायर आरोपी अमन उर्फ रघु को जाटल रोड पर संजय चौक के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी अमन उर्फ रघु ने बताया उसने उक्त देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद करीब 6 महीने पहले यूपी के मुजफ्फरनगर में एक अज्ञात जूस की रेहड़ी वाले से 9 हजार रूपए में खरीकर लाया था और कुछ दिन पहले दुकान मालिक सुहैल को 13 हजार रूपए में बेचकर पैसे खर्च कर दिए। आरोपियों के खिलाफ थाना चांदनी बाग में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने वीरवार को पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## सर्राफा बाजार में चांदी और सोने की राखियों की खरीदारी शुरू

# रक्षाबंधन पर रंग-बिरंगी राखियों से सजे बाजार

■ नौ अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा रक्षाबंधन का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

रक्षाबंधन को लेकर वीरवार को बाजारों में सुबह से चहल पहल देखी गई। बाजारों में दुकानें सज गई हैं। बाजार में तरह तरह की राखियों की धूम है। नौ अगस्त को भाई बहन के प्यार का त्योहार रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया जाएगा ।

बहनें इस दिन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधेगी तथा भाई अपनी बहन की रक्षा के लिए वचन देगा। बाजारों में रंग बिरंगी राखियों से दुकानें सज उठी हैं। रक्षाबंधन की खरीदारी से बाजार खिल उठा है। सड़क किनारे रंग बिरंगी राखी की दुकानें सजी गई हैं। बहनों में अपने भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए खूबसूरत राखियां खरीद रही हैं। रक्षाबंधन नजदीक आने के साथ ही रेशम के धागों से बनीं राखियों के साथ ही सोने-चांदी की राखियों की मांग बढ़ गई है। सराफा बाजार में चांदी और सोने की राखियों की खरीदारी शुरू हो गई है। सोने-चांदी की कम वजन और आकर्षक डिजाइनों की राखियों ने बाजार में धूम मचा दी है। एक से लेकर दस ग्राम तक की राखियां दुकानों में मौजूद हैं। जो बहनें अपने भाई के लिए कुछ खास बनवाना चाहती हैं वह ऑर्डर पर सोने की राखियां भी तैयार करवा रही हैं।

सोने और चांदी के बढ़े दामों की वजह से कारोबारी सोने की राखियां ऑर्डर पर बनवा रहे हैं। त्यौहार नजदीक आते ही बाजार रंग-बिरंगी राखियों से सज गया है। इस बार बच्चों को लुभाने वाली बाजार में तरह-तरह की कार्टूनिष्ट राखियों की भरमार है। साथ ही राखियों को गिफ्ट के तौर पर भेजने के लिए भी अलग-अलग डिजाइन में पैकेट बाजार में आया है, जिसे बहने खरीदी कर दूर-दराज रहने वाले भाईयों को भेज रही है।



**कुरुक्षेत्र।** एक दुकान पर रखी राखियां।

### बच्चों के लिए कार्टून राखियों की भरमार

रक्षाबंधन का त्यौहार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। ऐसे में अभी से पूरा बाजार रंग-बिरंगी राखियों से सज गया है और जिन बहनों का भाई दूर प्रदेश में रह रहे हैं उनके लिए जोरों से खरीदी कर रही है। इससे राखियों की दुकानों में अच्छी-खासी बिक्री शुरू हो गई है। हालांकि अन्य सामानों की तरह इस बार राखियों का भी रेट बढ़ा हुआ है, लेकिन भाई-बहन का पवित्र त्यौहार होने के कारण खरीदी अच्छी चल रही है। साथ ही बच्चों के लिए मोटू-पतलू, डोरेमन सहित अन्य कार्टूनिक राखी से लेकर घड़ी, लाईट व फोम की राखियां खूब लुभा रहा है, जिससे बाजार में रौनक बढ़ गई है।

### रक्षाबंधन पर बहनों को फ्री बस यात्रा का तोहफा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रदेश की सभी बहनों को हर साल की भांति विशेष सौगात दी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा घोषित इस योजना के तहत रक्षाबंधन पर सभी महिलाओं को हरियाणा रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। इस पहल के लिए जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री का प्रदेश की समस्त बहनों की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल बहनों के मान-सम्मान को बढ़ाता है, बल्कि सरकार की संवेदनशील और जनहितकारी सोच को भी दर्शाता है। यह निर्णय हरियाणा सरकार की महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और रक्षाबंधन जैसे पवित्र रिश्ते के पर्व को और भी खास बना देता है।

# शादी के लिए रजिस्ट्रेशन के नाम पर हड़पे 1.55 लाख

■ पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। .यमुनानगर

बेटे की शादी के लिए ऑनलाइन रिश्ता तलाश रही हेल्थ डिपार्टमेंट की रिटायर्ड कर्मचारी से साइबर ठग ने एक लाख 55 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने पहले महिला को शादी के लिए अपनी वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवाया और फिर वीडियो कॉल कर मोबाइल में कुछ सेटिंग करने को बोला।

इसके बाद यूपीआई द्वारा 11 रुपए ट्रांसफर कराकर उसके अकाउंट का एक्सिस लेकर धीरे-धीरे खाते से डेढ़ लाख से ज्यादा की राशि निकाल ली। सुभाष नगर कॉलोनी निवासी सुदेश शर्मा ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह हेल्थ विभाग से रिटायर कर्मचारी है। वह अपने बेटे की शादी कराना चाहती है। उसने गुगल पर एक वेबसाइट को सर्च किया और वहां से अपने लड़के की शादी के लिए एक मोबाइल नंबर लिया।

उसने आरोपी को बताया कि उसे मोबाइल ज्यादा इस्तेमाल करना नहीं आता है। ऐसे में आरोपी ने कहा कि वह जैसा जैसा कहता है वैसा ही मोबाइल में करते जाओ। उसने अपने पति के यूनियन बैंक के खाते से आरोपी द्वारा दी गई यूपीआई आईडी पर रकम भेज दी। इसके बाद उसके अकाउंट से अलग अलग करके एक लाख 55 हजार रूपये कट गए। 16 जून को जब वह बैंक में गई तो उसे इसकी जानकारी मिली। उसने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दो छीना-झपटी के आरोपियों को दबोचा

करनाल। इंद्री थाना पुलिस ने सहायक उप निरीक्षक लखबीर सिंह के नेतृत्व में दो छीना-झपटी के आरोपियों को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगतार पुत्र परमजीत सिंह निवासी उडाना (करनाल) और जशनदीप पुत्र जसपाल निवासी गांव झीमरेरी (कुरुक्षेत्र) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को 4 अगस्त को रिमांड पर लिया गया था, जहां इन्होंने कई वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की।

### मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने किया निरीक्षण

**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने करनाल के सेफ हाउस, नारी निकेतन, वन स्टॉप सेंटर और नागरिक अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेफ हाउस में रह रहे नवविवाहित जोड़ों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें उचित सहायता का आश्वासन दिया।

### रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त किया एकत्र

**करनाल।** सेवा भावना की मिसाल पेश करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायता हेतु एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित हुआ और इसमें कुल 36 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 31 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

### बैठक में तीन मनोनीत पार्षद उमेश प्रोचा, गौरव नागपाल और विशेष वर्मा को दिलवाई

# निगम की बैठक में विकास योजनाओं की झड़ी, 7 में से 6 प्रस्ताव हुए पारित

### 11 आउट ऑफ एजेंडा प्रस्तावों में 9 को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल नगर निगम की हाउस बैठक गुरुवार को महापौर रेनू बाला गुप्ता की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में आयोजित की गई। बैठक में करनाल विधायक जगमोहन आनंद, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, सांसद प्रतिनिधि कविंदर राणा सहित सभी पार्षद, निगम अधिकारी एवं तीनों मनोनीत पार्षद उपस्थित रहे।



करनाल। नगर निगम की बैठक को संबोधित करते विधायक जगमोहन आनंद। फोटो : हरिभूमि

#### विकास कार्यों पर हुआ गंभीर मंथन

हाउस बैठक में कुल 7 प्रस्ताव एजेंडा के तहत प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 6 प्रस्तावों को पारित किया गया, जबकि 1 प्रस्ताव को लंबित रखा गया। साथ ही 11 आउट ऑफ एजेंडा प्रस्तावों में से 9 को मंजूरी मिली और 2 को अगली बैठक तक टाल दिया गया।

#### मुख्य बिंदु

विधायक जगमोहन आनंद ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में करनाल को तीसरा स्थान मिलने और राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए बधाई दी। उन्होंने पीने के पानी, स्ट्रीट लाइट, अवैध डेयरियों को शिफ्ट करने और डॉग शेल्टर निर्माण जैसे मुद्दों पर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने अधिकारियों को पार्षदों की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारित विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के आदेश दिए। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि अमृत-2 योजना के तहत जलापूर्ति और सीवरेज के कार्यों के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। कुल 82.52 करोड़ रुपये के तीन एसटीपी परियोजनाओं का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। बैठक में करनाल विधायक जगमोहन आनंद, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, सांसद प्रतिनिधि कविंदर राणा सहित सभी पार्षद, निगम अधिकारी एवं तीनों मनोनीत पार्षद उपस्थित रहे।

#### हाउस में पारित प्रमुख एजेंडा प्रस्ताव

- ▶▶| पिछली बैठक (26 जून) की कार्रवाई की पुष्टि।
- ▶▶| सभी 20 वार्डों में कुल 78 विकास कार्यों को मंजूरी।
- ▶▶| राम नगर स्थित सनातन धर्म बाल विद्या मंदिर की लीज अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव।
- ▶▶| बड़े पार्क का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखने का प्रस्ताव फिलहाल लंबित।
- ▶▶| भगवाड़िया गैस एजेंसी से नॉवल्टी रोड तक सड़क का नाम /"गौशाला रोड/" किया गया।
- ▶▶| जन स्वास्थ्य विभाग के क्वार्टर्स नगर निगम के अधीन लेने का प्रस्ताव पास।
- ▶▶| अस्पतालों के कचरा शुल्क को बैड की संख्या के अनुसार चार स्लैब में बांटने का प्रस्ताव पारित।

#### अन्य घोषणाएं

- ▶▶| नगर निगम जल्द कॉल सेंटर स्थापित करेगा, जिससे नागरिकों को सम्पत्ति कर भरने की सूचना दी जाएगी।
- ▶▶| 3 लाख रुपये से अधिक टैक्स जमा करने वाले नियमित करदाताओं को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
- ▶▶| नगर निगम अब तक 2046 कुत्तों की नसबंदी करवा चुका है। बंदर पकड़ने के लिए वन विभाग से अनुमति मांगी गई है।

#### आउट ऑफ एजेंडा में प्रमुख पास प्रस्ताव

- ▶▶| मेरठ रोड ट्रांसफर स्टेशन को नए स्थान पर शिफ्ट करने का प्रस्ताव।
- ▶▶| कैलाश गांव और अन्य वार्डों में जलापूर्ति पाइपलाइन बदलने हेतु करोड़ों के कार्यों को स्वीकृति।
- ▶▶| नगर निगम वाहनों और सामग्रियों के लिए स्टोर निर्माण हेतु ज़मीन आवंटन।
- ▶▶| शहर की प्रमुख सड़कों के सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव पास। सम्पत्ति कर वसूली के लिए विशेष टीम का गठन।
- ▶▶| डॉग शेल्टर, मीट मार्केट और स्लॉटर हाउस निर्माण के लिए ज़मीन आवंटित।
- ▶▶| कुत्तों की नसबंदी व बंदर पकड़ने के लिए अभियान तेज करने के निर्देश।

#### लंबित रहे प्रस्ताव

- ▶▶| वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट व गोबर-धन योजना के लिए प्रस्तावित स्थानों पर वार्ड पार्षदों के ऐतराज के चलते अन्य विकल्प खोजे जाएंगे।



### महापौर ने बच्चों को बताया पर्यावरण सुरक्षा का महत्व

करनाल। माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निःशक्तजन कल्याण केंद्र, करनाल में वन महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर करनाल रेनू बाला गुप्ता रहीं, जिन्होंने बच्चों को पर्यावरण के महत्व, वृक्षों की उपयोगिता और हरियाली बनाए रखने की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं मेघा भंडारी, उपाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन, श्रवण व वाणी निःशक्तजन कल्याण समिति, पंचकुला। उन्होंने बच्चों को पेड़-पौधों की जीवन में अहमियत बताई और उनकी सुरक्षा के लिए पांच-पांच बच्चों के समूह बनाकर हर पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने रसोई बग़ीचा का महत्व भी बताया और दो-दो बच्चों की टीम बनाकर क्यारियों की जिम्मेदारी दी गई। इस आयोजन में सम्मानित अतिथि संकल्प भंडारी, पार्षद वार्ड नंबर 8 करनाल एवं कर्ण गेट एसोसिएशन के प्रधान भी मौजूद रहे। अन्य प्रमुख अतिथियों में प्रितपाल सिंह पन्ननु (अध्यक्ष, निफ्फा), मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, सहायक निदेशक संजीव गोयल, कृष्ण कुमार चोपड़ा (मुख्यालय पंचकुला), तथा शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन केंद्र की सहायक निदेशक दीपिका ने किया। इस मौके पर डा. मनोज, रंजना मोजा, डा. भारती, अमन, मनिंद्र, हितेश गुप्ता, सरदार गगन, विक्रम नंदा, वीरपाल तथा केंद्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया।

## किसानों की मांगों पर जिला स्तरीय प्रदर्शन की तैयारी, 9 को करेंगे सचिवालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले में किसानों की समस्याओं और उनकी मांगों को लेकर हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आगामी 9 अगस्त को एक जिला स्तरीय विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शन जिला सचिवालय के समक्ष किया जाएगा, जिसमें जिले भर के किसान भाग लेंगे। मोर्चा के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों और अनदेखी के खिलाफ यह आंदोलन आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी धान की खरीद 1 अक्तूबर से निर्धारित की गई है, जबकि किसान चाहते हैं कि इसे 25 सितंबर से ही शुरू किया जाए ताकि मंडियों में धान की आवक के समय अव्यवस्था उत्पन्न न हो और किसानों को आर्थिक हानि से बचाया जा सके। इसके अलावा फसल में फैले फिजी वायरस व हाल की भारी बारिश से बर्बाद हुई फसलों का सरकार ने अब तक सर्वे नहीं कराया है, जिससे किसान खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि सरकार तुरंत विशेष गिरदावरी कराए और किसानों को मुआवजा दे। इसके साथ ही खाद व बीजों की खुलेआम हो रही कालाबाजारी को रोकने की भी पुरज़ोर मांग की गई है। बहादुर मेहला ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक किसान संगठन का नहीं, बल्कि पूरे जिले के किसानों का होगा और सरकार को अब किसानों की आवाज को गंभीरता से सुनना ही होगा।



करनाल। पेंशन विधेयक के विरोध में प्रदर्शन की तैयारी करते रिटायर्ड कर्मचारी।

### पेंशन विधेयक के विरोध में प्रदर्शन की तैयारी

करनाल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ खंड करनाल की बैठक मानव सेवा संघ में ब्लॉक कोषाध्यक्ष सुशील कुमार कांबोज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 सितंबर को सभी रिटायर्ड कर्मचारी पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। संघ ने कम्यूट की राशि को 11 वर्ष तक सीमित करने, 65 व 75 वर्ष की आयु पर क्रमशः 10% व 20% मूल पेंशन बढ़ाने की मांग रखी। बैठक में संगठन विस्तार, लंबित कार्यों की सूची तैयार करने और तानाशाही के विरोध में आवाज उठाने पर भी चर्चा हुई।

## करनाल रेंज में नशे के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई, 896 किलो मादक पदार्थों को नष्ट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत करनाल रेंज में एक अहम कार्रवाई की गई। करनाल, पानीपत और कैथल जिलों की पुलिस द्वारा जब्त किए गए 896.728 किलो मादक पदार्थों को गांव बजीदा जाटान स्थित वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में विधिवत नष्ट किया गया। यह प्रक्रिया एनडीपीएस एक्ट की धारा 52A के तहत की गई, जिसमें कोर्ट की निगरानी में वीडियोग्राफी और पंचनामा के साथ विनाश होता है।

इस अवसर पर एडीजीपी डॉ. एम रवि किरण स्वयं मौजूद रहे। करनाल पुलिस ने 106 केसों में जब्त 262.442 किलो, पानीपत पुलिस ने 66.429 किलो, और कैथल पुलिस ने 527.857 किलो नशीला पदार्थ नष्ट किया। इसमें हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, नशीली गोलियां और अन्य सिंथेटिक ड्रग्स शामिल थे। एडीजीपी ने बताया कि यह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि पुलिस नशे के नेटवर्क को खत्म करने के लिए पूरी गंभीरता से जुटी है।



करनाल। मादक पदार्थों नष्टीकरण की जांज करते एडीजीपी डॉ. एम रवि किरण।

## दयाल सिंह स्कूल के छात्रों ने सैनिकों के लिए भेजीं 600 राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रक्षा बंधन के पावन पर्व को राष्ट्रीय सेवा से जोड़ते हुए करनाल के दयाल सिंह पब्लिक स्कूल (मेन ब्रांच) के छात्रों ने सैनिकों के सम्मान में एक अभिनव पहल की।

बच्चों ने सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए 600 से अधिक राखियां स्वयं तैयार कीं और उन्हें स्नेहपूर्वक पत्रों के साथ भेजा। हर राखी में भावनाओं की डोरी थी, और हर पत्र में भारत मां के वीर सपूतों के प्रति सम्मान, सुरक्षा की भावना और शुभकामनाएं व्यक्त की गईं। विद्यालय की प्राचार्य सुषमा देवगन ने बताया कि यह गतिविधि न केवल रचनात्मक थी, बल्कि यह बच्चों में देशभक्ति, समर्पण और सेवा भाव को जागृत करने के उद्देश्य से की गई। छात्रों को यह भी बताया गया कि सीमाओं पर तैनात सैनिक पर्वों पर अपने घर नहीं आ सकते, इसलिए राष्ट्र का नागरिक होने के नाते उनका मनोबल बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। बच्चों ने पत्रों में लिखा हमारे लिए आप परिवार से दूर रहकर सीमा की रक्षा करते हैं, यह राखी हमारे रिश्ते की डोर है। विद्यालय परिसर में इसके लिए विशेष 'राखी निर्माण कार्यशाला' का आयोजन किया गया था, जहां छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सुमित नरवाल वेलफेयर 10वीं कक्षा के टॉपर्स को करेगा सम्मानित

**करनाल/असंध।** सुमित नरवाल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा /"उड़ान प्रतिभा को प्रणाम/" कार्यक्रम के तहत असंध विधानसभा क्षेत्र के 10वीं कक्षा के टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष सुमित नरवाल ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप, टैबलेट व ट्रॉफियां देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त तक विद्यार्थी अपना नाम, स्कूल और अंक संस्था तक भेज सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाना और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।



करनाल। बैठक में विधायक योगेंद्र यादव का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

### तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना जागृत करना

करनाल। असंध विधायक योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में असंध विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों के कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां और आयोजन व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक राणा ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन-बान-शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्धेश्य देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। विधायक ने तिरंगे के तीनों रंगों केसरिया, सफेद और हरे का प्रतीकात्मक महत्व भी समझाया। बैठक में नगर पालिका चेयरपर्सन सुनीता अड़ाना, निर्मला बैरागी, अमरनाथ सौदा, मनमीत बावा, हिमांशु छाबड़ा, जयभगवान जांगड़ा, विजय राणा, सुलेंद्र कादियान सहित मंडलों के पदाधिकारी, पार्षदगण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में होगा आयोजित

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर डीसी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय और भव्य रूप से मनाने के लिए करनाल जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी के तहत उपायुक्त उत्तम सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की, जिसमें हर पहलू की गहराई से चर्चा हुई।

उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे, परेड की सलामी लेंगे और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। यदि मौसम खराब हुआ तो वैकल्पिक स्थान नवीन अनाज मंडी को तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, अग्निशमन, पेयजल व ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे साफ-सफाई, जलापूर्ति, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा व यातायात की योजना को समय से लागू करें। कार्यक्रम में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत व नाटक भी होंगे, जिनकी रिहर्सल के लिए 8, 11, 12 व 13 अगस्त की तिथियां तय की गईं।



करनाल। बैठक में पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, अग्निशमन, पेयजल व ऊर्जा विभाग के अफसरों को संबोधित करते डीसी उत्तम सिंह।

## न्यूज डायरी



### एनीमिया व कुपोषण के समाधान को लेकर बैठक

करनाल। स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान की टीम ने करनाल में एनीमिया व कुपोषण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक डॉ. नीरू, डॉ. अमिता रानी, दीपा बिष्ट, राहुल सिंगला सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता एडीसी सोनू भट्ट ने की, जिनके अनुसार सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि जमीनी स्तर पर बच्चों और महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो सके। बैठक में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत और अन्य विभागों के अधिकारी भी शामिल रहे।



### क्षत्रिय समाज ने पौधे रोपकर बच्चों को किया प्रेरित

निगदू। क्षत्रिय राजा रोड समाज संस्था द्वारा रविवार को करनाल के निगदू स्थित गीता विद्या मंदिर स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर लाठर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, वर्षा में गिरावट और बढ़ते तापमान के कारण पर्यावरण संकट गहरा रहा है। इस संकट का मुख्य कारण पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और शहरीकरण है। संस्था के सचिव राजेश लाठर ने बच्चों को संदेश दिया कि जिस प्रकार एक बच्चा बड़ा होता है, उसी प्रकार एक पौधा भी देखभाल से बड़ा होकर समाज को लाभ देता है। उन्होंने कहा कि समाज का हर सदस्य यदि एक पेड़ लगाए और उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण को स्थायी रूप से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में बलराज कारसा, विद्यालय स्टाफ और कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पौधारोपण के अंत में सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।



### प्रतियोगिता में 25 स्कूलों के 300 खिलाड़ी शामिल

करनाल। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, मधुबन में 2 से 5 अगस्त तक क्लस्टर स्तर की वुशू और एथलेटिक्स स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में करनाल जोन के लगभग 25 डीएवी स्कूलों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य संतोष कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक विकास, संजय डबास और रेणु विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में डीएवी मधुबन, डीएवी नरवाना, डीएवी निगदू, डीएवी करनाल, डीएवी कैथल, डीएवी जींद, डीएवी चीका, डीएवी कुरुक्षेत्र सहित विभिन्न स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। डीएवी मधुबन के प्रवीण और जीनत ने वुशू स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल हासिल किए। वहीं एथलेटिक्स में आरव, उज्जवल और प्रशांत ने अपने शानदार प्रदर्शन से कई पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया।



### नियमित योग से मानसिक व शारीरिक लाभः गुलाटी

करनाल। श्रीकृष्ण मंदिर योग कक्षा में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी द्वारा प्रतिदिन योग प्राणायाम करवाया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों लोग भाग ले रहे हैं। उन्होंने एक महीने से नियमित योग कक्षा में आने वाले शिक्षकों और साधकों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में शिक्षक नवीन जिंदल, बरखा जिंदल, ईशा धवन व साधक योगेन्द्र कंबोज और नीरज सिंगला शामिल रहे। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग से न केवल बीमारियों से बचाव होता है, बल्कि मेटाबॉलिज्म, मांसपेशियां और हड्डियों की मजबूती भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म क्रियाओं से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है। कार्यक्रम में उपस्थित साधकों ने योग से प्राप्त मानसिक व शारीरिक लाभों का अनुभव साझा किया और इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया।



### श्रद्धानंद अनाथालय में बाल अधिकार बताएं

**करनाल।** श्रद्धानंद अनाथालय करनाल में बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राणा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार चांदना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी व किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य बलराज सांगवान ने बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। संस्थान के प्रधान बलदेव राज आर्य और महाप्रबंधक गोपीनाथ शर्मा ने कहा कि अनाथालय में बच्चों को शिक्षा व संस्कार दिए जा रहे हैं। अधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।



### मधुबन मण्डल में पहली बार पहुचे नवनियुक्त जिला महामंत्री

**घरौंडा।** धिानसभा के भाजपा मधुबन मण्डल के गांव ऊंचा समाना में गुरुवार को मण्डल कार्यकारणी की मासिक बैठक हुई बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिला में नवनियुक्त जिला महामंत्री सुभाष कश्यप का मण्डल की टीम द्वारा पगडी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।उनके साथ आए तिरंगा यात्रा के मण्डल सह सयोंजक राजेंद्र सिरसी का भी पटका पहनाकर स्वागत किया।जिला महामंत्री सुभाष कश्यप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए बताया कि पार्टी के आदेश पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम जिला स्तर,मण्डल स्तर होने के बाद हर घर पर तिरंगा झंडा लगाया जाए।

## खबर संक्षेप

### हिरोशिमा के परमाणु हमले के बारे को बताया

**पानीपत।** खंड में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा हिरोशिमा, नागासाकी दिवस पर युद्ध के खिलाफ और शांति के लिए विभिन्न स्कूलों में छात्रों के बीच परिचर्चा व पेंटिंग द्वारा परमाणु हमले के विनाश को दर्शाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान प्रवीण कुमार, सतेंद्र पाल, प्रिंसिपल दलसिंह, मा.रिंकू, सुकरम पाल, राजेंद्र, नरेश, सोहन लाल, पुष्पा, नीतू, किरण, अंकुश, विशाल, राहुल, नितिन, रौनक आदि मौजूद रहे।

### शराब बेचने का आरोपी काबू 55 बोतल शराब बरामद

**पानीपत।** आठ मरला चौकी पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर दबिश देकर सौदापुर रोड भारत गैस गोदाम के नजदीक दुकान में अवैध रूप से शराब बेच रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से साढे 55 बोतल अवैध शराब बरामद की है। आरोपी की पहचान गोहाना रोड निवासी प्रदीप के रूप में हुई है। आठ मरला चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोबिन ने बताया कि मौके से 21 बोतल, 32 अध्धे व 68 पव्वे अवैध देसी शराब बरामद हुई।

### कार सवारों ने किया युवक के अपहरण का प्रयास

**इसराना।** एक युवक को किडनैप किया गया है। कार में आए कुछ युवकों ने 28 वर्षीय अमित कुमार को घर से बुलाया और जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। घटना थाना इसराना अंतर्गत गांव मांडी की है। पुलिस ने अज्ञात मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमित के पिता जगदीश ने बताया कि 25 जुलाई को तीन चार युवक कार में आए और उनके बेटे को आवाज लगाई। अमित नीचे आया और उनके साथ कार के पास गया।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए किसान करें आवेदन

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025.26 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन के प्रोत्साहन हेतु सीआरएम स्कीम के अंतर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के लिए आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। व्यक्तिगत श्रेणी में 50 प्रतिशत अनुदान राशि दी जायेगी। स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल (डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटएग्रीहरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन) पर 20 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### पेंडिंग कार्य शीघ्र पूरा कराए जाएं : डा. किरण सिंह

**पानीपत।** जिला परिषद की सीईओ डॉ.किरण सिंह ने पानीपत ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में जिला परिषद के चल रहे विकास कार्यों परियोजनाओं के सम्बन्ध में बैठक ली। बैठक में सीएम अनाऊन्समेंट, एचआरडीएफ, ई-लाइब्रेरी, जिम, महिला सांस्कृत केन्द्र, व्यामशाला, एचजीवीवाई, पीएमएजीवाई, एमपीलैड्स आदि विकास कार्यो परियोजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों से उपरोक्त स्कीमों के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों के सम्बन्ध में प्रगति के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

### राखी बांधकर प्रेम और भाईचारे का दिया संदेश

**कुरुक्षेत्र।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 की छात्राएं सार्थक बधिर विद्यालय पहुँची, जहां उन्होंने वहां के विशेष बच्चों को राखी बांधकर अपनत्व, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इस सामाजिक समरसता के कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और भावनाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने कहा कि हम अपने छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं को विकसित करना चाहते हैं।

### 26 बेसहारा पशुओं को गोशालाओं में भेजा

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त महावीर प्रसाद ने कहा कि थानेसर, पिहोवा, इस्माईलाबाद और शाहबाद से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का कार्य तेज कर दिया गया है। इन जगहों से 26 बेसहारा पशुओं को पकड़कर अलग-अलग गोशालाओं में छोड़ा गया है।

## शिक्षा मंत्री ने गांव दीवाना में स्कूल के नव निर्मित भवन का किया उद्घाटन

# देश 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र, हर व्यक्ति को इसका बनना होगा हिस्सा : ढांडा



**पानीपत।** गांव दीवाना में स्कूल के नव निर्मित भवन का उद्घाटन करते मंत्री महीपाल ढांडा। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत**

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज जिले के गांव दीवाना में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करने के बाद स्कूली बच्ची व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सबसे ऊर्जावान युवा शक्ति वाला देश है। यहां के युवाओं का हौसला भरपूर मात्रा में है। यहां के युवा एक बार जो ठान लेते हैं उसे पूरा करके दम लेते हैं। उन्होंने बताया कि भारत के साइंटिस्ट एक दिन सूरज पर भी मिशन को भेजेंगे यह हमें विश्वास है। गांव दीवाना में पहुंचने पर जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने बुके देकर मंत्री का अभिनंदन स्वागत किया। ग्रामीणों ने फूल मालाएं पहनकर उनका अभिनंदन किया। ग्राम पंचायत द्वारा इस मौके पर पगड़ी पहना कर मंत्री को सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री ने अपनी संबोधन में कहा कि भारत की संस्कृति अनंतकाल से विकसित रही है हमें अपनी संस्कृति को संजोए रखना है। युवाओं को अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को खोजना है और उसमें निखार लाना है। भारत युवा शक्ति के बलबूते पर 2047 तक देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाएगा इसको लेकर और प्रयास करने की आवश्यकता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमें अपने जीवन में भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं को ग्रहण करना है व उनके संदेश पर अमल करना है जिसमें भगवान श्री कृष्ण ने कहा था कि कर्म करें फल की चिंता मत करें। उन्होंने उपस्थित स्कूल के विद्यार्थियों को कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन को प्राथमिकता देनी चाहिए। शिक्षा मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को आह्वान किया कि सभी देश को विश्व गुरु बनाने के इस अभियान का हिस्सा बने।


**पानीपत।** मंत्री महीपाल ढांडा से मुलाकात करता प्रतिनिधिमंडल। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा से मिला मिड डे मील वर्कर्स का प्रतिनिधिमंडल

**पानीपत।** गत 3 अगस्त को मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा सीटू के नेतृत्व में प्रदेश भर से हजारों मिड डे मील वर्कर्स पानीपत पहुंची थी। उन्होंने अपनी मांगों और समस्याओं के लिए शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के कार्यालय का घेराव किया था। मंत्री ने 7 अगस्त को यूनियन को बातचीत के लिए आमंत्रित किया था। आज की वार्ता में यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष राजरानी, महासचिव जयभगवान, उपाध्यक्ष गगनदीप, सुनीता ओपी माटा, सचिव शरबती, प्रकाश, कोषाध्यक्ष सत्यवान, पानीपत जिला प्रधान निर्मला, सचिव कविता और सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त प्रमुख रूप से शामिल रहे। शिक्षा मंत्री के साथ वार्ता में राज्य प्रधान राजरानी और महासचिव जयभगवान ने कहा कि लंबे समय से मिड डे मील वर्कर्स की अनदेखी की जा रही है। कई कई महीने से वर्कर्स का मानदेय नहीं दिया जा रहा है। वर्दी का पैसा भी स्कूलों में नहीं मिल रहा। मानदेय में कटौती की जा रही हैं। सभी मांगो पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना। उन्होंने यूनियन को 19 अगस्त को दोबारा चंडीगढ़ में बातचीत के लिए बुलाया। उन्होंने कहा कि उक्त बैठक में विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया जाएगा और मांग पत्र पर बातचीत करते हुए मांगो ओर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

### नशा तस्कर 8 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने नारायणा नहर पुल के पास नाकाबंदी कर एक कार सवार नशा तस्कर को 8 किलो 26 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोनीपत के निजामपुर माजरा गांव के गोविंद के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि बुधवार को उनकी टीम किवाना अड्डे पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक कार में मादक पदार्थ लेकर गांव नारायणा से समालखा की तरफ आ रहा है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर नारायणा नहर पुल के नजदीक नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद गांव नारायणा की ओर से एक कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोककर ड्राइवर से पूछताछ की। चालक ने अपनी पहचान गोविंद निजामपुर माजरा सोनीपत बताई। पुलिस टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ ध्रुव गोस्वामी की मौजूदगी में कार की तलाशी ली। कार के कंडक्टर सीट पर रखे प्लास्टिक कट्टे से 8 किलो 26 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने शार्टकट तरीके से पैसे कमाने के लिए यह गांजा करीब एक महीना पहले सोनीपत के एक युवक से कम कीमत पर खरीदा था। वह समालखा के आसपास बेचने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना समालखा में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## डीटीपी सुमीत मलिक ने अवैध कॉलोनियों में चलाया तोड़फ़ोड़ अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत**

जिला नगर योजनाकार सुमीत मलिक के नेतृत्व में गांव काबड़ी, बडौली, ददलाना की राजस्व सीमाओं में स्थित चार अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। सुमीत मलिक ने बताया की यह कार्रवाई पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस अभियान के दौरान नगर निगम पानीपत के सहायक नगर योजनाकार दीपक राणा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। डीटीपी सुमीत मलिक ने कहा कि अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे ऐसी अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें, जिससे उन्हें भविष्य में कानूनी और वित्तीय समस्याओं का सामना न करना पड़े।



## बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन 11वें दिन भी जारी


विरोध प्रदर्शन में नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत**

आल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन का विरोध प्रदर्शन आज 11वें दिन भी जारी रहा। जूनियर इंजीनियर जेई अंकित के अनुचित निलंबन के विरोध में चल रहा यह धरना अब सर्कल पानीपत स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव सतेंद्र पूनिया ने की जबकि मंच संचालन राज्य कमेटी मेंबर प्रमोद शर्मा ने संभाला। राज्य उप प्रधान जितेंद्र सैनी, राज्य कमेटी मेंबर विनोद, अमित कुमार, दलेल शर्मा और राकेश कुमार आदि कर्मचारी नेताओं ने विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विभाग जानबूझकर निर्दोष कर्मचारियों को फंसा रहा है, जबकि असली दोषियों को बचाया जा रहा है। यूनियन ने एक और बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि इसराना में सब डिविजन ऑफिसर की मिलीभगत से सीटी लाइन पर लगभग 100 एपी कनेक्शन चलाए जा रहे हैं।

## ड्राफ्ट प्लान 2041 को लेकर अधिकारी सोमवार तक दर्ज कराएं आपत्ति : डीसी

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आज उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया की अध्यक्षता में डिस्ट्रिकक्ट लेवल कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 2041 के ड्राफ्ट प्लान को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है। इसमें जिन विभागों को आपत्ति है वो सोमवार तक अपनी विभाग से जुड़ी आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं उसके बाद एक बैठक डीपीसी की आयोजित की जाएगी जिसमें ड्राफ्ट प्लान 2041 का अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा।

सभी अधिकारियों को ड्राफ्ट प्लान 2041 के नक्शे भी सर्कुलेट किए गए हैं ताकि किसी को कोई भी आपत्ति नजर आती है तो वह उसे पर मंथन करके जानकारी दे सकते हैं। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज यादव, एसडीएम मनदीप सिंह, ईओ देवेंद्र शर्मा, डीएसपी सतीश वत्स, डीडीपीओ राजेश शर्मा, जी एन रोडवेज विक्रम कंबोज, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता किरण बहल, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता आदित्य कुंडू, पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप, डीएसओ धीरेन्द्र हुड्डा,डीएफओ विजय लक्ष्मी ,आरओ भूपेंद्र चहल आदि मौजूद रहे।

### वुशु चैंपियनशिप के विजेताओं का हुआ स्वागत



**पानीपत।** बटूमी इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप बीच जॉर्जिया के बटूमी शहर में हुई। जिसमें भारतीय टीम के 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया, इसमें समालखा की चांद स्पोर्ट्स अकादमी के दो खिलाड़ी वंश और कृति बेनीवाल ने भी भाग लिया। इन दोनों खिलाड़ियों ने कुल 3 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज पदक जीतकर देश और समालखा का नाम रोशन किया है। कोच राजीव कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 17 देशों के लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं आज जब ये दोनों विजेता खिलाड़ी इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे तो भारतीय वुशु संघ के सीईओ सोहेल अहमद ने भारतीय टीम का स्वागत किया तथा सभी खिलाडियों और पदाधिकारियों को जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा जब ये खिलाड़ी समालखा रेलवे स्टेशन पहुंचे तो शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने फूल मालाएं पहनाकर और मिठाइयां खिलाकर उनका भव्य स्वागत किया।

## अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में वायटीआई के चार खिलाड़ी चयनित



**पानीपत।** यामिन ताइक्वांडो इंडिया स्पोर्ट्स अकादमी समालखा में आज आयोजित चयन परीक्षण में चार खिलाड़ियों का चयन बैंकॉक, थाईलैंड में होने वाली हीरोज अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के लिए किया गया। चयनित खिलाड़ियों में साहिल, अजय, भूपेंद्र और प्रभनूर सिंह मुल्तानी के नाम शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी ताइक्वांडो की प्रतिस्पर्धाओं पावर पंच, पावर किक और बोर्ड तोड़ तकनीक में भाग लेंगे। अकादमी के अंतरराष्ट्रीय कोच यामीन ने बताया कि इस प्रकार की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और उन्हें वैश्विक स्तर पर नई तकनीकों को सीखने का अवसर मिलता है। यह चयन ट्रायल यामिन अंतरराष्ट्रीय खेल अकादमी स्मालखा में सम्पन्न हुआ।

**कार्यक्रम** राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पानीपत में मनाया

## पानीपत के दम पर विदेशों में मेड इन इंडिया उत्पाद की डिमांड : विनोद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत**

राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड द्वारा 11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस आज पानीपत में मनाया गया। मुख्य अतिथि करनाल सांसद मनोहर लाल के प्रतिनिधि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सलूजा रहे। जबकि हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विनोद धमीजा विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि गजेंद्र सलूजा ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं और नीतियों की विस्तार से जानकारी दी। किस तरह सरकार इस पारंपरिक कला को सशक्त करने के लिए वित्तीय, तकनीकी और विपणन सहायता प्रदान कर रही है। सलूजा ने कहा कि हथकरघा केवल एक उद्योग नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। वहीं विशिष्ठ अतिथि विनोद धमीजा ने कहा कि वे अपने उत्पादों में नवीनता लाएं और बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए अलग और अनूठे डिजाइन तैयार करें। विनोद धमीजा ने बताया कि पानीपत से हर साल लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट सिर्फ हथकरघा के नाम पर होता है। अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देश समेत दुनिया के कई बड़े बाजारों में मेड इन इंडिया टैग के साथ पानीपत के उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कारीगरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हीरा लाल उपनिदेशक डब्ल्यूएससी पानीपत, धर्मबीर सिंह प्रधान आईआईएमटी एलुमनाई एसोसिएशन पानीपत, एस एस शिंदे रीजनल मैनेजर नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** मुख्यातिथि गजेंद्र सलूजा को सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### आईबी कॉलेज में नेल आर्ट इंटर्नशिप कार्यक्रम सम्पन्न



**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित नेल आर्ट इंटर्नशिप कार्यक्रम का आज समापन एक समारोह में हुआ। प्राचार्य डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि आज के युग में कौशल का होना समय की मांग है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है ताकि छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त कर सकें। यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक सफल कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अधिक से अधिक कौशल.आधारित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए।

### नियमों का उल्लघंन करने वाली दर्जनों गाड़ियों के किए चालान



**पानीपत।** शहर ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी ने आज ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया, जो निजी प्रयोग के लिए खरीदे गए थे, लेकिन उनसे सवारियां ढोई जा रही थी। इस दौरान दर्जनों ईको कार पकड़ीं, जिनमें चार को सीज कर दिया और दर्जनभर पर जुर्माना लगाया। ट्रैफिक पुलिस ने हाइवे पर बेलगाम दौड़ रही कई ईको गाड़ीयों को सीज कर दिया। इसके अलावा दर्जनों वाहनों के चालान भी काटे गए। वहीं ट्रैफिक पुलिस के इस अभियान से यातायात नियम तोडने वाले वाहन चालकों में हडकंप मचा रहा।

### मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए किया जागरूक




**बापौली।** आरोग्य आयुष्मान मन्दिर कुराड़ की और से टैगोर पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुराड़ में स्वास्थ्य कर्मियों ने नशा भगाओ अभियान के तहत बच्चों को नशे के नुकसान के बारे में अवगत कराया तथा बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। वहीं स्वास्थ्य कर्मचारी सतबीर सिंह ने बच्चों को बारिश के सीजन में पानी व मच्छरों से होने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया व तपेदिक आदि के लक्षणों, बचाव, इलाज व रोकथाम के बारे मे विस्तार से बताया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी स्वीटी, सोनिया, रीना, कमला, राजेश, संतरा, सुनीता आदि मौजूद रहे।

### पानी निकासी की शिकायत गडकरी को



**पानीपत।** पिछले पांच साल से सर्विस रोड पर खड़े गंदे बरसाती पानी की समस्या की शिकायत केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को मिलते ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों में हडक़ंप मच गया है। एनएचएआई सोनीपत के परियोजना निदेशक ने ठेकेदार कम्पनी नेकस्ट इंफा एमसीपी हाइवेज प्राइवेट लिमिटेड व एसए इंफा स्ट्रक्चर कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के इंजीनियर को शिकायत की प्रति भेज कर तत्काल सख्त कारवाई करके कारवाई की रिपोर्ट जल्द भेजने के निर्देश दिये हैं। यह कारवाई आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर द्वारा गत 18 जुलाई को केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजी शिकायत पर हुई है। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने शिकायत में बताया कि एनएचएआई ने दिल्ली से पानीपत साइड पर समालखा में जी टी रोड की सर्विस रोड पर बरसाती व गंदे पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं कर रखी है। जीटी रोड की दिल्ली से पानीपत साइड पर गीता आश्रम के सामने व इंडस्ट्रियल एरिया भापरा में अग्रवाल भाजी शॉप के आगे सर्विस रोड पर पिछले पांच वर्षों से समस्या बनी हुई है।

### अधिकारी हर समस्या का समाधान करें : एसडीएम



**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आज आयोजित जनता समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए एसडीएम मनदीप ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आत्मविश्वास के साथ कार्य करना चाहिए। कोई भी समस्या ऐसी नहीं जिसका कोई समाधान ना हो। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में समस्या लेकर पहुंच रहे लोगों को किसी भी तरह से नाराज ना करें और उनकी समस्या का निश्चित समय अवधि में समाधान करें। पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समाधान शिविर जनता की समस्याओं का निदान करने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें किसी भी प्रकार की देरी ना करें। समाधान शिविर में गुरुवार को विभिन्न विभागों से जुड़ी 81 समस्याएं पहुंची।

### खंड स्तरीय प्रतियोगिता पाइट संस्कृति स्कूल में



**पानीपत।** गत 5 अगस्त से 7 अगस्त तक पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफएल टाउनशिप में शतरंज और तायक्वोंडो के ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में पानीपत जिले के लगभग सभी स्कूलों ने भाग लिया। शतरंज प्रतियोगिता में 240 व तायक्वोंडो प्रतियोगिता 170 छात्रों ने भाग लिया।



### राजकीय महाविद्यालय इसराना में राखी एवं मेहंदी स्पर्धा आयोजित

**पानीपत।** राजकीय महाविद्यालय इसराना में राखी निर्माण एवं मेहंदी कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रकोष्ठ प्रभारी सुषमा द्वारा कुशलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.हरिओम ने की। छात्राओं की रचनात्मकता की सराहना करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को छात्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उज्ज्वल, द्वितीय सलोनी व तृतीय स्थान निशा ने प्राप्त किया। वहीं राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिना, द्वितीय नंदिता व तृतीय स्थान ज्योति ने प्राप्त किया। इस अवसर पर बलिंद्र गुलिया, कुलबीर कादियान, ममता, पूनम, मुकेश देशवाल, दिनेश, डॉ.प्रतीक, सुनील कुमार,पूजा जागलान आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**धीरज पुत्र श्री तिलक राज निवासी कुलदीप नगर, पानीपत।**

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के मध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है धीरज पुत्र श्री तिलक राज निवासी कुलदीप नगर, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता तिलक राज पुत्र श्री तुलसी राम निवासी मकान नम्बर 323, पिरागढी कैम्प, नियर पंजाबी बाग दिल्ली की दिनांक 19-01-2015 को मृत्यु हो चुकी है। एवंम प्रार्थी की माता श्रीमति सुदेश रानी की दिनांक 26-10-2022 को मृत्यु हो चुकी है। एवंम प्रार्थी की दादी श्रीमति नानकी देवी जी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। संजीव दहिया वार्ड नम्बर 21, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम लेखराज पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:- 1- संजीव, व 2- धीरज पुत्रगण श्री तिलक राज यानि कुल 2 ही वारिस है।

इनके इलावा मृतक तिलक राज पुत्र श्री तुलसी राम का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नहीं हैं। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/ नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 07.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-
संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### पाक जाने के लिए करें आवेदन

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि गुरू नानक देव की जयंती पर पाकिस्तान जाने के इच्छुक श्रद्धालु 8 अगस्त तक उपायुक्त कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष गुरू नानक देव की जयंती पर श्रद्धालु पाकिस्तान जाते हैं। आवेदन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए गृह मंत्रालय से अनुमति लेनी होती है। इसलिए जो श्रद्धालु इस बार पाकिस्तान जाने के इच्छुक हैं वे 8 अगस्त तक उपायुक्त कार्यालय में अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### डीसी को दिए जरुरी निर्देश

**अंबाला।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने वीसी के माध्यम से उपायुक्तों व संबंधित अधिकारियों के साथ पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ मिशन के तहत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर (क्रिटिकल केयर ब्लॉक, डीआईपीएचएल) की प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाना सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि उपायुक्त अपने जिले के सीएमओ के साथ इन परियोजनाओं की समय समय पर प्रगति की समीक्षा भी करें।

### चोरी के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमर सिंह व लखविंद्र सिंह उर्फ अनमोल को गिरफ्तार किया है। परिवादी नीलम कुमार ने 6 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अमर सिंह व लखविंद्र सिंह ने गाँव बड़ी कोहड़ी में ट्यूबवेलों से तार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### विदेश भेजने के नाम पर की ठगी

अंबाला। विदेश भेजने की फर्जी टिकटें देकर दंपति ने 6.35 लाख रुपये की ठगी कर ली। अंबाला शहर के सेक्टर आठ के रहने वाले गुरप्रीत सिंह अंटाल द्वारा पुलिस अधीक्षक को सौंपी शिकायत पर सेक्टर 9 थाने में मोहाली निवासी दीपक राज व उसकी पत्नी सारु के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गुरप्रीत ने बताया कि बेटे के पास कनाडा जाने के लिए उन्होंने साई ट्रेवलर्स के नामक कंपनी से संपर्क किया था जोकि दीपक व सारु की कंपनी है।

# राजकीय महाविद्यालय की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में भर रही हैं ऊंची उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

ग्रामीण क्षेत्र के गांव बड़ागढ़ में स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय बेटियों के उच्च शिक्षा के सपनों को पंख दे रहा है। दूर-दराज के गांवों से आने वाली छात्राएं यहां शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता का पाठ भी सीख रही हैं। प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता, समर्पित स्टाफ और संसाधनों के बल पर छात्राएं निरंतर उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर रही हैं। हाल ही में कॉलेज की विज्ञान संकाय की छात्राओं ने विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यहां शिक्षा ले चुकी कनिका और आयुषी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एमएससी फिजिक्स में प्रवेश लिया है जबकि हर्षदीप ने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में एमएससी फिजिक्स में दाखिला लिया है। इसके अतिरिक्त, शिवानी, मीनाक्षी, और शानू ने गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला कैंट तथा कल्पना महक और शिप्रा ने गवर्नमेंट पीजी कॉलेज नारायणगढ़ में एमएससी कंप्यूटर साइंस के लिए दाखिला प्राप्त किया है।छात्राओं ने अपनी सफलता पर कहा कि यह कॉलेज उनके जीवन में मील का पत्थर साबित हुआ। कनिका ने बताया उसने कभी नहीं सोचा था कि गांव से निकलकर मैं फिजिक्स में एमएससी तक पहुंच पाएगी। पर कॉलेज के शिक्षकों ने हमेशा प्रेरित किया। हर्षदीप ने कहा हमारी मेहनत, हमारे अध्यापकों की मार्गदर्शना और माता-पिता का समर्थन आज हमें इस मुकाम तक लाया है। शिप्रा ने कहा, महिला कॉलेज होने के कारण उसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं आई।

### शिक्षा के साथ बेटियों को कॉलेज में आत्मनिर्भरता का पढ़ाया जा रहा पाठ

प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ने बताया कि यह कॉलेज वर्ष 2018 में तत्कालीन विधायक एवं राज्य मंत्री रहे वर्तमान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की दूरदर्शिता व प्रयासों से स्थापित हुआ था। इस समय महाविद्यालय में बीए, बीएससी नॉन-मेडिकल, बीकॉम (जनरल एवं सीएवी), एमकॉम की पढ़ाई हो रही है। इसी सत्र से बीएससी मेडिकल और एमए साइकोलॉजी कोर्स भी प्रारंभ किए गए हैं। कॉलेज में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित, पंजाबी, संस्कृत, भूगोल, के अलावा साइकोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, कंप्यूटर साइंस, समाजशास्त्र जैसे विषयों की पढ़ाई की जा रही है। सिंह ने बताया कि उनका उद्देश्य छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ करियर की दिशा में सशक्त बनाना है। विज्ञान संकाय के शिक्षकों ने इन छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये बेटियां आने वाले समय में प्रोफेसर, वैज्ञानिक और सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में समाज और देश की सेवा करेंगी।



**शहजादपुर।** बाजी मारने वाली छात्राएं व प्राचार्य।

## 10 को होगी बूथ स्तर तक कार्यकर्ता शामिल होंगे

# भारतीय जनता पार्टी छावनी में 13 को निकालेगी तिरंगा यात्रा

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सुभाष पार्क के समक्ष नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर फहराएंगी तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा कोर कमेटी के पदाधिकार रयों को दिशा-निर्देश दिए।

उर्जा , परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा 13 अगस्त को अम्बाला छावनी के प्रमुख बाजारों से निकाली जाएगी। उन्होंने सभी से बढ़-चढ़कर तिरंगा यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया। विज अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी अम्बाला छावनी की कोर कमेटी की बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के आयोजन को लेकर आगामी 10 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी की बैठक होगी जिसमें बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा कोर कमेटी के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। विज ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सुभाष पार्क के समक्ष ध्वजारोहण किया जाएगा। कोर कमेटी पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि इस बार नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया जाएगा। बैठक के दौरान हर घर तिरंगा एवं अन्य संगठनात्मक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा मानसून सीजन में वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अंबाला छावनी में 17 अगस्त को वन महोत्सव गांधी ग्राउंड में मनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बढ़चढ़कर कार्यक्रम में शामिल होकर पौधरोपण करने का आह्वान किया।



**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद मंत्री अनिल विज व भाजप पदाधिकारी।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

इस बैठक में भाजपा कोर कमेटी के सदस्य ओम सहगल, जसबीर सिंह जस्सी, सुरेंद्र बिंद्रा, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, बलविंद्र सिंह शाहपुर, राजीव गुप्ता डिम्पल, विजेंद्र चौहान, बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, अजय बवेजा, मदनलाल शर्मा, आशीष अग्रवाल, प्रवेश शर्मा, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, पुनीत सरपाल, विपीन खन्ना, भरत कोछड़, तरविंद्र सिंह, रामबाबू यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पवित्रता का सूचक, जीवन की एक बुराई छोड़ने का लें संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले अंबाला शहर से आई मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी को तिलक लगाया व फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया।

शिवानी दीदी ने रक्षाबंधन के पर्व का आध्यात्मिक महत्व समझाते हुए कहा कि रक्षा बंधन पवित्रता का सूचक है। हमें इस पर्व पर अपनी एक बुराई अवश्य छोड़नी चाहिए तभी सही मायने में यह त्यौहार माना जायेगा। हमें परमात्मा से सच्चा होकर रहना चाहिए तभी परमात्मा हमारी हर बुराई से रक्षा कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी ने कहा कि देश में तो 365 दिन ही कोई न कोई त्यौहार होता है जब हमारे मन में उमंग उत्साह है उसी दिन त्यौहार है। रक्षाबंधन पवित्रता का सूचक भाई-बहन का त्यौहार है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं। उनके मंगल की कामना करती हैं। वरिष्ट अधिवक्ता कमलेश गुप्ता ने रक्षाबंधन की सभी को शुभकामनाए देते हुए कहा कि परमात्मा हमेशा हमें दुआएं ही देते हैं। एक परमात्मा ही हमारा सच्चा रक्षक है। वही हर बुराई से हमारी रक्षा करता है। दूसरा इसे माता-पिता की भी सेवा करनी चाहिए। परमात्मा की दुआ व माता-पिता की दुआओं से ही हमें हर कार्य में सफलता मिलती है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रानी दीदी ने सभी से प्रतिज्ञा कराई कि हम अपनी कोई भी एक बुराई छोड़ेंगे। सभी को दुआए देगें। सभा में आए हुए सभी बहनों व भाईयों को विजय का तिलक देकर राखी बांधी गई। सभी का मुंह मीठा करवाया गया।



**अंबाला।** समारोह में राखी बांधती बीके बहनें।

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में दाखिल के लिए लेकर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय बहुतकनीकी और कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान में बची सीट पर व्यक्तिगत काउंसलिंग के माध्यम से दाखिले किए गए। यह दाखिले सुबह 10 बजे शुरू हुए। सुबह मेरिट में नाम देखने के लिए अभ्यर्थियों की भीड़ जमा हो गई। अभ्यर्थियों को रैंक अनुसार बुलाकर दाखिला दिया गया। वहीं, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दाखिले प्रक्रिया चलने से टेंट भी लगाया गया ताकि अभ्यर्थियों को बैठने में दिक्कत न आए। यह व्यक्तिगत काउंसलिंग शुक्रवार को भी चलेगी। इसी तरह कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान में कुल 390 सीट में से 210 सीट पर दाखिला दो ऑनलाइन काउसंलिंग में हो चुका था।वीरवार को खाली 184 सीट पर कुल 107 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से वीरवार को 28 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया।

# परमात्मा ही बांधता है सच्ची रक्षा के सूत्र में

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया रक्षाबंधन त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में रक्षाबंधन का पर्व बड़ी धूमधाम मनाया गया। इस अवसर पर मुलाना सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी वीना दीदी मुख्य अतिथि के तौर पर तथा सुभद्रा दीदी मुख्य वक्ता के रूप में पधारी।

बहन राजश्री ठाकुर, प्रवीण सहगल तथा भ्राता स्पेक्टर गुर्जर वरिष्ठ अतिथि के रूप में पधारे। बीके सुभद्रा दीदी ने रक्षाबंधन के त्यौहार का आध्यात्मिक अर्थ सबको स्पष्ट किया। उन्होंने कहा की रक्षाबंधन का त्यौहार एडवांस में पहले मनाया जाने का अर्थ ही यही है कि त्यौहार को कैसे मनाया जाना है। उसके बारे में समाज में जागृति पैदा की जाए। रक्षा वास्तव में बहन को ही नहीं चाहिए बल्कि यह रक्षा हर इंसान को चाहिए हर आत्मा को चाहिए और सच्चा रक्षक हमारा परमपिता परमात्मा ही है जो हमें सच्ची रक्षा का सूत्र बांधता है। उन्होंने बताया कि हमें सबसे मीठी वाणी बोलनी चाहिए।

हमारे बोल मधुर होने चाहिए। परमपिता परमात्मा हम सभी को आत्म स्मृति का तिलक लगाते हैं। मुख्य अतिथि राजयोगिनी बीके वीणा दीदी ने सभी को प्रतिज्ञा कराई कि हमारी दृष्टि वृत्ति कृति पवित्र होनी चाहिए रक्षाबंधन का पर्व हमारे विचारों को पवित्र करने का संदेश देता है हमें सिर्फ अपनी बहन को नहीं बल्कि सभी बहनों को पवित्र दृष्टि से देखना चाहिए और दैविक व्यवहार करना चाहिए। अपने विचारों को शुद्ध बनाना चाहिए आत्मा के जो सातों गुण हैं सुख शांति प्रेम आनन्द शक्ति पवित्रता ज्ञान के बंधन में हमें सदा बंधे रहना चाहिए ताकि हमारी बुराइयों से रक्षा हो सके। सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी हरदीप दीदी ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय 20 वर्गो के द्वारा कार्यक्रम करता रहता है। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त 2025 को ब्लड कैंप शिविर का आयोजन होने जा रहा हैं।



**नारायणगढ़।** कार्यक्रम में मौजूद में बीके बहनें व अन्य।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में पूरे सप्ताह कई तरह की प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने की। इस अवसर पर विद्यालय के संस्कृत शिक्षक डॉ. गौरव शर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष एवं स्नातकोत्तर शिक्षक डॉ. रविंद्र कुमार, प्रशिक्षित स्नातक हिंदी विनीत आहूजा तथा शिक्षिका मनु वाला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ वैदिक मंत्रोच्चारण से हुआ जिससे समस्त वातावरण आध्यात्मिकता से ओतप्रोत हो गया। तत्पश्चात प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्कृत भाषा के गौरवशाली अतीत और वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कृत को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया और विद्यार्थियों को इसे गर्व के साथ अपनाने हेतु प्रेरित किया। संस्कृत शिक्षक डॉ. गौरव शर्मा ने संस्कृत के वैज्ञानिक पक्ष, इसकी भाषिक सौंदर्यता एवं व्याकरणिक संरचना की विशेषताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, अपितु ज्ञान का अथाह भंडार है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार एवं शिक्षक श्री विनीत आहूजा ने संस्कृत व हिंदी के मध्य संबंधों को उजागर करते हुए विद्यार्थियों को भाषायी समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# कांवला में 55 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम में करीब छह वर्ष पूर्व शामिल हुए 12 गांवों में विकास की रफ्तार तेज होने वाली है। इन गांव में सीवरेज लाइन डाली जाएगी और तीन जगहों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी लगेंगे। इस प्रोजेक्ट पर जनस्वास्थ्य विभाग कार्य कर रहा है। सीवरेज डालने को लेकर निविदा लगनी शुरू हो गई है। इस कार्य को करने के लिए विभाग ने दो वर्ष का लक्ष्य रखा है।

जनस्वास्थ्य विभाग कांवला गांव में 55 करोड़ से एसटीपी यानि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 165 करोड़ का बजट खर्च होगा। इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के बनने से शहरवासियों को भी फायदा होगा। ट्रीटमेंट के बाद पानी कृषि के लिए भी इस्तेमाल हो सकेगा। पीने के पानी की लाइन प्रोजेक्ट का कार्य भी होना है। इस कार्य के लिए भी प्रपोजल बन रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग निगम में शामिल हुए 12 गांव में सीवरेज की लाइन डालेगा। इन गांव में लोहगढ़, मानकपुर, डंगडेहरी, डडियाना, देवी नगर, छोटी घेल, बड़ी घेल, कालू माजरा, लिहारसा, कांवला, कांवली और निजामपुर शामिल हैं। अभी इन गांवों में नगर निगम की ओर से सुविधाएं नहीं दी गई हैं, जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। अब सीवरेज लाइन डलने से पानी निकासी हो सकेगी। विभाग की ओर से देवीनगर में 60 एमएलडी का एसटीपी लगाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 55 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी तरह कांवला गांव में दो एमएलडी और नया गांव में भी एसटीपी बनेगा।

#### दो वर्ष तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य

अमरुत योजना टू के तहत विभाग की ओर से यह सीवरेज लाइन गांवों के क्षेत्र में डाली जाएगी। इस कार्य को पूरा करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने दो वर्ष का लक्ष्य रखा है। अभी इन गांवों में सीवरेज की सुविधा नहीं है, जिससे नालियों का पानी खुले में बह रहा है। सीवरेज लगने से यहां लोग कनेक्शन ले सकेंगे। वहीं, ग्रामीणों को नई स्ट्रीट लाइट लगने का भी इंतजार है। यह प्रोजेक्ट लंबे समय से लटका हुआ है।



**अंबाला।** सेना अधिकारियों को राखी बांधते व भेंट करती छात्राएं।

### स्कूली छात्राओं ने सैनिकों को भेजी खूबसूरत राखियां

**अंबाला।** अंबाला छावनी के केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की एवं रंग बिरंगी राखियों का निर्माण करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों के द्वारा यह राखियां बहुत ही उत्साह के द्वारा बनाई गई क्योंकि यह राखियां हमारे सैनिक भाइयों के लिए भेजी जानी थी।विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई राखियों में प्रतिज्ञा आठवीं ब ने प्रथम स्थान, मुस्कान सातवीं ब एवं गुरजीत सातवीं अ ने द्वितीय एवं आयुष दसवीं अ तृतीय स्थान प्रदान किए गए। प्राचार्य अमन गुप्ता के द्वारा इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा आगे भी इसी प्रकार सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं प्राचार्य अमन गुप्ता, सुनीता बाला, संजय कुमार, सीमा कुमारी, हरजीत, नेहा सहित ब्रिगेडियर अनिल कुमार के कार्यालय में जाकर उन्हें एवं अन्य सैनिकों को राखियां पहनाई गई। ब्रिगेडियर अनिल कुमार के द्वारा भी विद्यार्थियों की प्रतिभा की जमकर प्रशंसा की गई।

## हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रम

# 800 छात्रों को नशे के खिलाफ दिलवाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नशा मुक्त अभियान को लेकर ब्यूरो संवेदनशील है। यही कारण है कि प्रतिदिन प्रदेश में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन और पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र सिंह की देखरेख में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर नमक लोटा लेकर प्रदेश में नशा मुक्ति का संदेश लेकर पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी वे साइकिल से अंबाला पहुंचे। अंबाला छावनी के लार्ड जैन पब्लिक स्कूल उन्होंने नशे के विरुद्ध 107 वां एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या रूचि शर्मा की अध्यक्षता और कार्यक्रम संयोजिका पूनम नागपाल के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ जिसमें 800 से अधिक छात्र छात्राओं एवं 37 शिक्षकों ने भाग लिया। वर्मा ने सबसे प्रथम स्वतंत्रता सेनानी, दार्शनिक एवं महान कवि रविंद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के कारण घर और परिवार, समाज बहुत अधिक प्रभावित हो रहा है। घर बिखर रहे हैं। समय से पूर्व युवा नशे की दलदल में जाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने पर उतारू हैं। उन्होंने प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त दो प्रकार के नशों को परिभाषित करते हुए कहा कि यद्यपि दोनों प्रकार बहुत अधिक घातक है तो भी प्रतिबंधित बहुत ही अधिक क्षतिकारक है। उन्होंने हुक्के पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि यह भी समाज में एक भ्रांति के रूप में बढ़ रहा है जो आगे ई -हुक्का में परिवर्तित हो रहा है। यह चिंता का विषय है। इसका भी त्याग बहुत अधिक आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि कोई भी व्यक्ति राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा एनसीबी एमएएनएएस पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।



**अंबाला।** छात्रों को नशे के खिलाफ जागरुक करते पुलिस अधिकारी अशोक वर्मा।